नाचे अंजनी माँ को लाल

छम छम नाच नचावे रे , अंजनी माँ को लाला
अंजनी माँ को लाला , भक्तो का रखवाला
राम जी का प्यारा है , बड़ा मतवाला
राम नाम गुण गावे रे , अंजनी माँ को लाला

घुंगरू बाँध जब बजरंग नाचे,
राघव के संग ऐसा राचे,
चुटकी खुब बजावे रे अंजनी माँ को लाला
छम छम नाच नचावे रे , अंजनी माँ को लाला

राम नाम का है दीवाना मस्ती में है ये मस्ताना
सीना फाड़ दिखावे रे , अंजनी माँ को लाला
छम छम नाच नचावे रे , अंजनी माँ को लाला

शिव शंकर के है अवतारी चारों युगों में महिमा भारी
पर्वत हाथ उठावे रे , अंजनी माँ को लाला
छम छम नाच नचावे रे , अंजनी माँ को लाला

श्री राम का सेवक प्यारा चरणों में झुकता जग सारा
भूलन बली बली जावे रे , अंजनी माँ को लाला
छम छम नाच नचावे रे , अंजनी माँ को लाला

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21608/title/nache-anjani-maa-ko-laal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |